दिनांक: 11.07.2024

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई द्वारा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबद्धताप्राप्त की गई**

सीबीएसई प्रत्येक वर्ष अपने संबद्ध विद्यालयों के छात्रों के लिए क्लस्टर/ज़ोनल और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों का आयोजन करता है। सीबीएसई को **स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( SGFI) के साथ 08.07.2024 से** (SGFI पत्र संख्या 994/SGFI/2024-25 दिनांक 08.07.2024 के द्वारा) संबद्धता मिली हुई है। तदनुसार, वर्ष 2024-25 से, सीबीएसई राष्ट्रीय खेलों के विजेता SGFI द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित SGFI राष्ट्रीय विद्यालय खेलों में भाग लेंगे।

यह संज्ञान में आया है कि 'सीबीएसई बोर्ड स्कूल गेम्स वेलफेयर सोसायटी ( CBSE-WSO)' नामक एक संगठन, जो आगरा, उत्तर प्रदेश में स्थित है, खेल कार्यक्रमों का आयोजन करने और SGFI व अन्य खेल निकायों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग ले ने के लिए सीबीएसई के नाम का प्रयोग कर रहा है। सीबीएसई के कई विद्यालयों ने इस संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अनजाने में भाग लिया है।

**यह जनहित में सूचित किया जाता है कि सीबीएसई का 'सीबीएसई बोर्ड स्कूल गेम्स वेलफेयर सोसायटी (CBSE-WSO), आगरा (UP)' नामक संस्था के साथ किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है।**

चूँकि यह सीबीएसई से संबद्ध नहीं है, अत: विद्यालयों को (परिपत्र संख्या Acad-54/2024 दिनांक 11/07/2024 के द्वारा) सलाह दी जाती है कि वे इस संगठन के साथ किसी भी प्रकार से न जुड़े और इसके द्वारा आयोजित किसी भी खेल आयोजन में भाग न लें। यदि कोई विद्यालय इस संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यदि किसी सीबीएसई संबद्ध विद्यालय को इस संगठन से या किसी ऐसे अन्य संगठन से संचार/सूचना प्राप्त होती है, तो उन्हें सीबीएसई की वेबसाइट https://cbseit.in/cbse/2023/sports पर इस जानकारी की पुष्टि करनी चाहिए।

**हस्ता/-**

**सचिव, सीबीएसई**

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in